# भूरा की गेंद



एक किसान के पास बड़ा-सा खेत था। उसने इस साल खेत में आलू लगाए। आलू ज़मीन से निकालने का समय आ गया था। किसान कमज़ोर था और आलू ज़मीन से निकालना उसके बस में नहीं था। भूरा कुत्ता उसके खेत के बगल में रहता था। आज भूरा की गेंद खो गई। वह किसान के खेत में गेंद ढूँढने जा पहुँचा।



भूरा ने किसान से पूछा कि मेरी गेंद कहाँ गई? उसने भूरा को देखा और कहा– ‘‘गेंद तो ज़मीन खा गई।’’ अब भूरा ने ज़मीन को खोदना शुरू कर दिया। ज़मीन से गोल–गोल आलू निकलने लगे। उसने सारा खेत खोद दिया, मगर गेंद कहीं नहीं मिली। किसान ने चुपचाप गेंद निकाली और मेढ़ पर रख दी। भूरा को गेंद मिल गई और किसान को खेत के आलू।

LLF Language and Learning foundation
शिक्षा का अधिकार
सब पढ़ें सब बढ़ें
HSSPP
Designed by www.stelladesignandprint.com